**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-31 का उत्तर**

| **क्र0** | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 31(क) | क्या सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बतायेंगे कि विभाग में किस-किस पद पर कितने कर्मचारी कितने समय से कहॉ-कहॉ कार्यरत है? | प्रश्न में अंकित विषय के क्रम में अवगत कराना है कि श्री श्रीनाथ पासवान की तैनाती का विवरण निम्नवत् है:-<br>जनपद फिरोजाबाद में अक्टूबर, 2001 से जुलाई, 2008 तक, गौतमबुद्ध नगर दिनांक 01.07.2008 से 09.07.2014 तक, मुरादाबाद दिनांक 10.07.2014 से 23.05.2018 तक, अलीगढ़ दिनांक 24.05.2018 से 01.07.2022 तक एवं गाजियाबाद 02.07.2022 से अब तक।<br>विभाग में संयुक्त आयुक्त उद्योग के पद पर 18, उपायुक्त उद्योग के पद पर 76, सहायक आयुक्त उद्योग के पद पर 108, अपर सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर 31, सहायक प्रबन्धक (गैर तकनीकी) के पद पर 85, सहायक प्रबन्धक (तकनीकी) के पद पर 40, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के पर 05, आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के पद पर 27, चालक के पद पर 18 तथा कनिष्ठ सहायक/वरिष्ठ सहायक/प्रधान सहायक/ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर 197 कार्मिक विभिन्न जनपदों, मण्डल कार्यालयों तथा मुख्यालय स्तर पर स्थानांतरण नीति एवं प्रशासनिक आवश्यकता के दृष्टिगत पृथक-पृथक अवधि से कार्यरत हैं । |
| (ख) | क्या इनकी तैनाती गाजियाबाद में है और ये कर्मचारी मेरठ मण्डल में भी कार्य कर चुके है? | जी हाँ। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक? | श्री श्रीनाथ पासवान वर्तमान में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, गाजियाबाद में उपायुक्त उद्योग के पद पर दिनांक 02.07.2022 से अब तक कार्यरत हैं। इसके पूर्व श्री पासवान मेरठ मण्डल के अधीन जनपद गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 01.07.2008 से दिनांक 09.07.2014 तक सहायक आयुक्त उद्योग के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। |

राकेश सचान
मंत्री,
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग।